नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

डॉ. दामोदर खडसे का विदाई समारोह आज
हिंदी विश्वविद्यालय में रहे 'राइटर इन रेजीटेंस'

वर्धा, 01 सितंबर 2016: जाने-माने हिंदी कवि-कथाकार व अनुवादक डॉ. दामोदर खडसे को शुक्रवार, 2 सितंबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की ओर से विदाई दी जा रही है। वे पिछले जून से विश्वविद्यालय में 'राइटर इन रेजीटेंस' के रूप में नियुक्त थे। साहित्य विद्यापीठ के संगोष्ठी सभागार में दोपहर 4.30 बजे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कथाकार चित्रा मुदगल, प्रतिभा राय, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मोहन, कवि बुद्धिनाथ मिश्र प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विवि द्वारा डॉ. खड़से का सम्मान किया जाएगा।



डॉ. दामोदर खडसे ने लगभग बीस से अधिक मराठी पुस्तकों का हिंदी अनुवाद किया है। उन्हें सन 2015 में मराठी पुस्तक 'बारोमास' के हिंदी अनुवाद के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी का अनुवाद पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उनकी लगभग बाईस पुस्तकें, कविता, कहानी एवं उपन्यास के रूप में प्रकाशित हुई हैं। डॉ. खडसे को केंद्रीय हिंदी संस्थान का 'गंगाशरण सिंह पुरस्कार', केंद्रीय हिंदी निदेशालय का राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का सौहार्द सम्मान, मध्य प्रदेश साहित्य परिषद का 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार' आदि के साथ कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी की ओर से इस वर्ष उन्हें 'महाराष्ट्र भारती जीवन गौरव पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया है। मराठी एवं हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए विश्वविद्यालय ने उन्हें राइटर इन रेजीटेंस के रूप में नियुक्त किया था। वर्धा के विश्वविद्यालय परिसर में रहते हुए उन्होंने लगभग 200 पृष्ठों का 'खिडकी' नाम से एक उपन्यास लिखा है। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के लिए समीक्षा, बहुवचन पत्रिका के लिए आलेख तथा विशेषांकों का संपादन कार्य किया है। कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील विवि द्वारा की गयी है।

डॉ. दामोदर खडसे यांना हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वतीने निरोप समारंभ आज
‘राइटर इन रेजीटेंस’ म्हणून होते कार्यरत

वर्धा, 01 सितंबर 2016: सुप्रसिद्ध हिंदी कवि-कथाकार व अनुवादक डॉ. दामोदर खडसे यांना महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या वतीने शुक्रवार, 2 सप्टेबर रोजी निरोप देण्यात येणार आहे. ते गेल्या तीन महिन्यांपासून ‘राइटर इन रेजीटेंस’ म्हणून कार्यरत होते. यावेळी डॉ. खडसे यांचा विश्वविद्यालयाच्या वतीने सन्मानही करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलपगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र राहतील. यावेळी प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कथाकार चित्रा मुदगल, प्रतिभा राय, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मोहन, कवि बुद्धिनाथ मिश्र प्रामुख्याने उपस्थित राहतील. साहित्य विद्यापीठाच्या सभागृहात दुपारी 4.30 वा. आयोजित कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.